भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1312
14/12/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

नया डॉप्लर मौसम राडार नेटवर्क

1312. श्री जग्गेश:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि नया डॉप्लर मौसम राडार नेटवर्क पूर्व मौसम पूर्वानुमान की प्रणाली की तुलना में अधिक लाभप्रद है;
(ख) देश भर में स्थापित किए गए नए डॉप्लर मौसम राडारों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ग) कितने राज्य मौसम की स्थिति के पूर्वानुमान के लिए पड़ोसी राज्य में लगाए गए डॉप्लर मौसम राडार पर निर्भर है;
(घ) क्या सरकार ने सटीक पूर्वानुमान के लिए अनुशंसित दूरी कारक के अनुसार प्रत्येक राज्य में डॉप्लर मौसम राडार स्थापित करने के उपाय शुरू किए हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) मौसम का पूर्वानुमान कई प्रेक्षण प्रणालियों के डेटा का उपयोग करके किया जाता है जिसमें सतह प्रेक्षण, उपरितन वायु प्रेक्षण, डॉपलर मौसम रडार (DWR) प्रेक्षण और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उपग्रह-आधारित प्रेक्षण शामिल हैं। विभिन्न स्थानिक और कालिक पैमानों पर रियल टाइम मौसम पूर्वानुमान सृजित करने के लिए इन प्रेक्षण प्रणालियों के डेटा को विभिन्न अत्याधुनिक क्षेत्रीय और वैश्विक गतिशील मॉडलों में समाहित किया जाता है। DWR प्रेक्षण नेटवर्क को शामिल करने से मॉडल पूर्वानुमानों की सटीकता और चक्रवात, भारी बारिश और गरज के साथ तूफान की गंभीरता के लिए स्थानीय स्तर पर चेतावनियां जारी करने में बेहतर मदद मिलती है।

(ख) वर्तमान में, विभिन्न स्थानों पर 39 DWR स्थापित हैं और पूरे देश में अच्छी तरह से वितरित किए गए हैं। भारतीय क्षेत्र के कई राज्यों में गंभीर मौसम की स्थितियों पर नजर रखने के लिए इन रडारों के स्थानों को सर्वोत्तम संभव तरीके से वितरित किया गया है। भारतीय राज्यों में DWR नेटवर्क का विवरण अनुलग्नक -1 में दिया गया है।

(ग) वर्तमान में, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मणिपुर, नागालैंड, पंजाब और तेलंगाना राज्य पड़ोसी राज्यों के DWR पर निर्भर हैं।

(घ) से (ङ) औरंगाबाद, पोर्ट ब्लेयर, रांची, अहमदाबाद, मैंगलोर, बालासोर, मालदा, अगात्ती, बेंगलुरु, संबलपुर, रायपुर में स्थापित किए जाने वाले 12 सी-बैंड डीडब्ल्यूआर की खरीद की जा रही है और 16 एक्स-बैंड DWRs पूर्वोत्तर क्षेत्र के गुवाहाटी, जोरहाट, तेजपुर, सिलचर, इंफाल, आइजोल, दीमापुर, धुबरी, सेप्पा, मियाओ और पुणे, वाराणसी, कोलकाता, कोझिकोड, भुवनेश्वर और पूर्णिया के शहरी क्षेत्र में स्थापित किए जाने हैं।

अनुलग्नक -1

स्थानों और राज्यों के नाम के साथ भारत भर में DWR नेटवर्क

क्र.सं.	राज्य	स्टेशन का नाम	DWR टाइप
1.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता	एस-बैंड
2.	आंध्र प्रदेश	मछलीपट्टनम	एस-बैंड
3.		विशाखापत्तनम	एस-बैंड
4.		हैदराबाद	एस-बैंड
5.		श्रीहरिकोटा (इसरो),	एस-बैंड
6.	दिल्ली	पालम	एस-बैंड
7.		नई दिल्ली मुख्यालय	सी-बैंड (पोलरीमेट्रिक)
8.		आया नगर	एक्स-बैंड
9.	महाराष्ट्र	नागपुर	एस-बैंड
10.		मुंबई	एस-बैंड
11.		मुंबई वेरावली	सी-बैंड
12.		सोलापुर	सी-बैंड
13.	त्रिपुरा	अगरतला	एस-बैंड
14.	बिहार	पटना	एस-बैंड
15.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ	एस-बैंड
16.	पंजाब	पटियाला	एस-बैंड
17.	असम	मोहनबाड़ी	एस-बैंड
18.	मध्य प्रदेश	भोपाल	एस-बैंड
19.	ओडिशा	पारादीप	एस-बैंड
20.		गोपालपुर	एस-बैंड
21.	तमिलनाडु	कराईकल	एस-बैंड
22.		चेन्नई एनआईओटी	एक्स-बैंड
23.		चेन्नई	एस-बैंड
24.	गोवा	गोवा	एस-बैंड
25.	गुजरात	भुज	एस-बैंड
26.	राजस्थान	जयपुर	सी-बैंड (पोलरीमेट्रिक)
27.	जम्मू एवं कश्मीर	श्रीनगर	एक्स-बैंड
28.		जम्मू	एक्स-बैंड
29.		बनिहाल टॉप	एक्स-बैंड
30.	केरल	कोच्चि	एस-बैंड
31.		VSSC (इसरो) तिरुवनंतपुरम	सी-बैंड
32.	उत्तराखंड	मुक्तेश्वर	एक्स-बैंड
33.		सुरकंडा देवी	एक्स-बैंड
34.		लैंसडाउन	एक्स-बैंड
35.	लद्दाख	लेह	ट्रांसपोर्टेबल एक्स-बैंड
36.	हिमाचल प्रदेश	कुफरी	एक्स-बैंड
37.		जोत	एक्स-बैंड
38.		मुरारी देवी	एक्स-बैंड
39.	मेघालय	चेरापूंजी (इसरो)	एस-बैंड

****